DELHI PUBLIC SCHOOL, RAIPUR

TERMINAL ASSESSMENT - II (2022-23) (MODEL PAPER)

SUB:- HINDI **CLASS -V** **MARKS: 50**

खंड – अ (अपठित गद्यांश)

प्रश्न - I (1) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(5)**

मनुष्य का अपने कर्म पर अधिकार है। वह कर्म के अनुसार फल प्राप्त करता है। अच्छे कर्म करने से अच्छा फल मिलता है और बुरे कर्म का परिणाम भी बुरा ही होता है। कर्म करना बीज बोने के समान है। एक कहावत है–''बोया बीज बबूल का तो आम कहाँ से खाय।'' मतलब अगर आपने बबूल का पौधा बोया है तो बबूल ही मिलेगा खाने के लिए आम नहीं। वैसे ही यदि हमने लोगों की निंदा की है, लोगों का अपमान किया है तो वह हमें वापस ज़रूर मिलेगा। यह सब समझकर हमें भला काम करना चाहिए। हमें अपनी भलाई के साथ–साथ दूसरों की भलाई भी करनी चाहिए।

(क) अच्छे और बुरे कर्म के क्या फल मिलते हैं?
(ख) हमें क्या समझकर भला कार्य करना चाहिए?

(2) खाली स्थान भरिए।

(क) हमारे कर्म के अनुसार हमें .... मिलता है।
(ख) मनुष्य का अधिकार अपने .... पर है।
(ग़) गद्यांश से चुनकर 'अच्छे' शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

खंड – ब (साहित्य)

प्रश्न -II (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(3)**
(क) 'बातन हाथी पाइए, बातन हाथी पाँव।' इस कहावत का हमारी बातचीत की शैली से क्या संबंध है?
(ख) शतरंज की बाज़ी खेलते समय युवक के माथे पर दबाव साफ ज़ाहिर हो रहा था। क्यों?
(ग) पक्षी अपने सपनों में क्या देख रहा है और क्यों?

(2) दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए। **(3)**

(क) सम्मान **(ख)** आश्वासन **(ग)** क्षितिज

(3) खाली स्थान भरिए। **(3)**
(क) अच्छी भाषा सीखने के लिए आवश्यक है कि हम अच्छी .... पढ़ें।
(ख) महंत ने .... ठोकर मारकर ज़मीन पर गिरा दी।
(ग) पक्षी .... उड़ान में विघ्न न डालने की बात कर रहे हैं।

(4) निम्न शब्दों की वर्तनी शुद्ध करिए। **(2)**

(क) विलुपत **(ख)** पुलकीत **(ग)** सामँजस्य **(घ)** शिश्टता

(5) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए। **(2)**

(क) स्वाभाविक **(ख)** मठ

(6) किसने –किससे कहा ? **(2)**

(क) ''तुम्हें जितना सिखाया गया था, तुम उनसे कहीं ज़्यादा जानते हो।''

(ख) ''देखो,हम शतरंज की बाज़ी खेलेंगे।''

खंड – स (व्याकरण)

प्रश्न- III (1) दिए गए मुहावरे एवं लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। **(2)**

(क) टका – सा जवाब देना

(ख) पाँचों उँगलियाँ एक बराबर नहीं होती।

(2) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **(1)**

(क) कृतज्ञ **(ख)** विद्वान

(3) दिए गए शब्दों के वचन बदलिए। **(1)**

(क) वधू **(ख)** डिबियाँ

(4) दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(2)**

(क) समुद्र **(ख)** फूल

प्रश्न-VI (1) दिए गए शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए। **(2)**

(क) अकस्मात **(ख)** क्रोधित

(2) दिए गए वाक्यों को पढ़कर कारक चिह्न और उसका प्रकार लिखिए। **(1)**

(क) गंगा नदी हिमालय से निकलती है।

(3) दिए गए वाक्यों में से विशेषण छाँटकर उसका प्रकार लिखिए। **(1)**

(क) मीरा बाज़ार से चार मीटर कपड़ा खरीदकर लाई।

(4) दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका प्रकार लिखिए। **(1)**

(क) साहिल अपना कार्य स्वयं करता है।

(5) अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद बताइए। **(1)**

(क) मेरी ओर से नववर्ष की शुभकामनाएँ स्वीकार कीजिए।

(6) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। **(1)**

(क) जिसके आर–पार देखा जा सके –

(7) दिए गए शब्दों के श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द लिखिए। **(1)**

(क) आदि – आदी

(8) रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए। **(1)**

(क) मैंने खजाने का <u>भेद</u> जान लिया।

(ख) संज्ञा के पाँच <u>भेद</u> होते हैं।

(9) दिए गए वाक्यों में सही विराम चिह्न लगाइए। **(1)**

(क) स्नेहा राकेश और विजय मेला घूमने गए थे

खंड – द (अतिरिक्त पठन)

प्रश्न- V (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए। **(2)**

(क) मछुआरा न चाहते हुए भी सुनहरी मछली के पास क्यों जाता था?

(ख) मछुआरे की पत्नी को सबक कैसे मिला?

(2) रिक्त स्थान भरिए। **(2)**

(क) मछुआरा और उसकी पत्नी सागर के .... एक द्वीप पर टूटी–फूटी झोंपड़ी में रहते थे।

(ख) मछुआरे की पत्नी की .... माँगें पूरी हुईं।

खंड – इ (पत्र लेखन)

प्रश्न -VI विद्यालय में अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण आधे दिन के अवकाश के लिए आवेदन पत्र लिखिए। **(5)**

खंड – फ (अनुच्छेद)

प्रश्न- VII दिए गए सहायक शब्दों की सहायता से 'परोपकार' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **(5)**

पर + उपकार, दूसरों की भलाई, मानवता का दूसरा नाम, निःस्वार्थ भाव, सबसे बड़ा धर्म, विद्यार्थी जीवन से प्रारंभ, नेक भावना, मनुष्य, जीवन का सार्थक अर्थ, हमारी संस्कृति, समाज की उन्नति

अथवा

चित्र वर्णन

दिए गए शब्दों की सहायता से चित्र वर्णन कीजिए।

दीपावली, त्योहार, रोशनी, दीपक, सजावट, कंडिल, अनार, फुलझड़ी, पटाखे, बच्चे, माता–पिता, कुत्ता फूल, लडका, लडकी